# CBSE Class 9 Social Science Important Questions Economics Chapter 4 भारत में खाद्य सुरक्षा

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
खाद्य सुरक्षा का क्या तात्पर्य है?
उत्तर:
खाद्य सुरक्षा का तात्पर्य सभी लोगों के लिए सदैव भोजन की उपलब्धता, पहुँच तथा उसे प्राप्त करने के लोगों के सामर्थ्य से है।

प्रश्न 2.
भारत में खाद्य दृष्टि से सर्वाधिक असुरक्षित दो वर्गों के नाम बताइए।
उत्तर:

- ग्रामीण भूमिहीन श्रमिक
- शहरी अनियत मजदूरी वाले श्रमिक।

प्रश्न 3.
भारत में खाद्य सुरक्षा कैसे निश्चित की जाती है?
उत्तर:
भारत में खाद्य सुरक्षा पर्याप्त मात्रा में बफर स्टॉक बनाकर एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा की जाती है।

प्रश्न 4.
भारत सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा हेतु चलाए जाने वाले कोई दो कार्यक्रमों के नाम बताइए।
उत्तर:

- एकीकृत बाल विकास सेवाएँ,
- अंत्योदय अन्न योजना।

प्रश्न 5.
राष्ट्रीय काम के बदले अनाज कार्यक्रम कब प्रारम्भ किया गया?
उत्तर:
राष्ट्रीय काम के बदले अनाज कार्यक्रम 14 नवम्बर, 2004 को प्रारम्भ किया गया।

प्रश्न 6.
सहायिकी अथवा सब्सिडी से क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
सहायिकी अथवा सब्सिडी वह भुगतान है, जो सरकार द्वारा किसी उत्पादक को बाजार कीमत की अनुपूर्ति के लिए किया जाता है।

प्रश्न 7.
अंत्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत निर्धनतम लोगों को कितना अनाज उपलब्ध करवाया जाता है?
उत्तर:
अंत्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत निर्धनतम लोगों को 35 किलोग्राम अनाज उपलब्ध करवाया जाता है।

प्रश्न 8.
लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली कब प्रारम्भ की गई?
उत्तर:
लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली जून, 1997 में प्रारम्भ की गई।

प्रश्न 9.
वर्ष 2000 में खाद्य सुरक्षा हेतु कौन सी दो योजनाएँ प्रारम्भ की गईं?
उत्तर:

- निर्धनों में सबसे निर्धन लोगों हेतु अंत्योदय अन्न योजना।
- दीन वरिष्ठ नागरिकों के लिए अन्नपूर्णा योजना।

प्रश्न 10.
निर्गम कीमत क्या होती है?
उत्तर:
यह वह कीमत है जिस पर सरकार राशन की दुकानों के माध्यम से निर्धनों को अनाज का वितरण करती है।

प्रश्न 11.
भारत में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम कब लागू किया गया?
उत्तर:
राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 में लागू किया गया।

प्रश्न 12.
राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कितना खाद्यान्न उपलब्ध करवाया जाता है?
उत्तर:
इस अधिनियम के तहत 5 किलो खाद्यान्न प्रति व्यक्ति प्रति माह उपलब्ध करवाया जाता है।

प्रश्न 13.
भारत में बफर स्टॉक किसके द्वारा रखा जाता है?
उत्तर:
भारत में बफर स्टॉक भारतीय खाद्य निगम द्वारा रखा जाता है।

प्रश्न 14.
न्यूनतम समर्थित कीमत से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
न्यूनतम समर्थित कीमत वह कीमत है जिस पर सरकार भारतीय खाद्य निगम द्वारा किसानों से अनाज खरीदती है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 15.
राशनकार्ड कितने प्रकार के होते हैं?
अथवा
राशन कार्ड के विभिन्न प्रकारों को स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
राशन कार्ड के निम्न तीन प्रकार होते हैं-

- निर्धनों में सबसे निर्धन के लिए अंत्योदय कार्ड।
- निर्धनता रेखा से नीचे लोगों के लिए बी.पी.एल. कार्ड।
- अन्य सभी लोगों के लिए ए.पी.एल. कार्ड।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
खाद्य सुरक्षा के प्रमुख आयामों को समझाइये।
उत्तर:
खाद्य सुरक्षा के प्रमुख आयाम निम्न हैं-

- खाद्य उपलब्धता-इसका अर्थ देश में खाद्य उत्पादन, खाद्य आयात और सरकारी अनाज भण्डारों में संचित पिछले वर्षों के स्टॉक से है।
- पहुँच-इसका अर्थ है कि प्रत्येक व्यक्ति को खाद्य मिलते रहें।
- सामर्थ्य-लोगों के पास अपनी भोजन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त और पौष्टिक भोजन खरीदने हेतु धन उपलब्ध हो।

प्रश्न 2.
किसी देश में खाद्य सुरक्षा कब सुनिश्चित होती है?
उत्तर:
किसी देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होने की निम्न तीन शर्तें हैं-

- सभी लोगों के लिए पर्याप्त खाद्य उपलब्ध हो।
- सभी लोगों के पास स्वीकार्य गुणवत्ता के खाद्य-पदार्थ खरीदने की क्षमता हो।
- खाद्य की उपलब्धता में कोई बाधा नहीं हो।

प्रश्न 3.
भारत में सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा हेतु किए गए प्रयासों का भुखमरी की स्थिति
पर क्या प्रभाव पड़ा है?
उत्तर:
भारत सरकार ने खाद्य सुरक्षा हेतु अनेक प्रयास किए हैं, जिनके अन्तर्गत बफर स्टॉक, सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा खाद्य सुरक्षा हेतु चलाए जाने वाले कार्यक्रम सम्मिलित हैं। सरकार द्वारा अपनाए गए इन उपायों से देश में भुखमरी की स्थिति में सुधार हुआ है जिसे निम्न तालिका से स्पष्ट किया जा सकता है-
तालिका : भारत में भुखमरी से ग्रस्त परिवारों का प्रतिशत

| वर्ष | ग्रामीण क्षेत्र | शहरी क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1983 | 18.5 | 6.4 |
| 1993-94 | 5.1 | 1.6 |
| 1999-2000 | 3.3 | 0.9 |

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्र में भुखमरी से ग्रस्त परिवारों का प्रतिशत 1983 में 18.5 प्रतिशत था वह कम होकर 1999-2000 में 3.3 प्रतिशत हो गया तथा शहरी क्षेत्र में यह अनुपात इसी अवधि में 6.4 प्रतिशत से कम होकर 0.9 प्रतिशत ही रह गया।

प्रश्न 4.
"हरित क्रान्ति से क्षेत्रीय असमानता में वृद्धि हुई है।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
हरित क्रान्ति से क्षेत्रीय असमानता में वृद्धि हुई है। हरित क्रान्ति का लाभ मुख्य रूप से सम्पन्न राज्यों को ही मिला है; क्योंकि उनकी आर्थिक स्थिति सही थी, जबकि निर्धन राज्यों को इस क्रान्ति का विशेष लाभ नहीं मिल पाया। उदाहरण के लिए, पंजाब और हरियाणा में सर्वाधिक वृद्धि दर दर्ज की गई। तमिलनाडु और आन्ध्र प्रदेश में चावल के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। दूसरी ओर बिहार, उड़ीसा और पूर्वोत्तर राज्यों में उत्पादन का स्तर पिछड़ता रहा। अतः हरित क्रान्ति ने क्षेत्रीय असमानता में वृद्धि की।

प्रश्न 5.
सार्वजनिक वितरण प्रणाली क्या है?
उत्तर:
सार्वजनिक वितरण प्रणाली-भारतीय खाद्य निगम द्वारा अधिप्राप्त अनाज को सरकार विनियमित राशन की दुकानों के माध्यम से समाज के गरीब वर्गों में वितरित करती है। इसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली कहते हैं। राशन की दुकानों पर चीनी, खाद्यान्न और मिट्टी के तेल का वितरण बाजार कीमत से कम कीमत पर गरीब वर्गों को किया जाता है।

प्रश्न 6.
गरीबों को खाद्य सुरक्षा देने के लिए सरकार द्वारा कौनसी योजनाएँ चलायी जा
रही हैं?
उत्तर:
गरीबों को खाद्य सुरक्षा देने के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलायी जा रही हैं। कुछ प्रमुख योजनाएँ निम्नलिखित हैं-

- एकीकृत बाल विकास सेवाएँ।
- काम के बदले अनाज।
- लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली।
- दोपहर का भोजन।

https://www.evidyarthi.in/

- गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम।
- राष्ट्रीय काम के बदले अनाज कार्यक्रम।
- अंत्योदय अन्न योजना।
- अन्नपूर्णा योजना।
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013